हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .0 डिग्री

11 दिव्यांगों को जांच के दौरान नहीं आने होगी परेशानी



11 सांसद अनुशासित जीवन जीने के लिए कर रहे प्रेरित



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में रोजगार मेला पांच को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 5 दिसंबर को आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर एवं अप्रेंटिसशिप दृकमदृ रोजगार मेले को लेकर तैयारियां पूरी रफ्तार पर हैं। आयोजन में नए प्रावधान जोड़े गए हैं जिससे युवाओं को भर्ती प्रक्रियाओं, उद्योग मांग और करियर निर्माण की दिशा में अधिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**कैथल।** गांव नंद सिंह वाला निवासी महिला से बैंक कर्मी बन क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 65 हजार रुपए की साइबर ठगी कर ली। साइबर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव नंद सिंह वाला निवासी पूजा सैनी ने बताया कि उसके पास एक क्रेडिट कार्ड है। कुछ समय पहले पास किसी अज्ञात का कॉल आया था।

### पिस्तौल दिखा धमकाने पर आठ पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव शाहपुर घर में घुस कर महिला से मारपीट करने तथा असलहा दिखा कर धमकाने और डीवीआर के साथ तोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को नामजद कर सात अन्य के खिलाफ मारपीट करने, तोडफ़ोड करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी मामले की जांच थाना चीका पुलिस के पीएसआई पंकज की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सिहाली निवासी गुरदेव को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव हरिगढ़ किंगन निवासी राजकुमार की शिकायत अनुसार 1 दिसंबर को उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति उसके मकान से चोरी करके ले गया था।

### मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़ 35 हजार ले उड़े चोर

**जींद।** नरवाना में रामदेव मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़ कर का बीती रात चोरों ने लगभग 35 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाबा कुंडी नरवाना के निकट बने रामदेव मंदिर के मैनेजर अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मंदिर में रखे दान पात्र का तोला तोड़ कर 35 हजार की नकदी चोरी कर ली।

### मार्केट कमेटी ने दी 5 लाख की विशेष सहायता

**पूंडरी।** मार्केट कमेटी पाई की ओर से मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत खेती कार्यों में दुर्घटनाग्रस्त एवं मृत्यु होने की स्थिति में दावेदारों और आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कार्य जारी है। इसी कड़ी में सीमा पत्नी स्व. सोहनलाल निवासी सिसमौर को खेती कार्यों के दौरान उनके पति की मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की विशेष सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

### मारपीट करने पर पांच लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** अहिरका के निकट कहासुनी के चलते व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अहिरका निवासी महेंद्र ने पुलिस को शिकायत दी है।


### जीरी का कट्टा चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** चीका स्थित सेलर से जीरी का कट्टा चोरी करने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी वार्ड नं 3 चीका निवासी जनक को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी जितेंद्र सिंह की शिकायत अनुसार उसका बलबेहड़ा रोड़ चीका पर अन्नपूर्णा राइस मिल्स के नाम से सेलर हैं।

# हिस्से की जमीन नहीं देने के विरोध में व्यक्ति बिजली के टॉवर पर चढ़ा

## महिला ने खुद चढ़कर समझाकर उतारा नीचे, वर्ष 2024 में भी 80 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा थापाला राम

बलराज नगर में इस टॉवर पर चढ़ा....



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के देवीगढ़ रोड स्थित बलराज नगर में मंगलवार को प्रातः करीब 10 बजे परिवार के सदस्यों द्वारा उसके हिस्से की जमीन न देने के विरोध में एक व्यक्ति बिजली के टावर पर चढ़ गया। इससे पहले यह व्यक्ति वर्ष 2024 में भी 80 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा था। बता दें कि बलराज नगर में बिजली निगम द्वारा तार बदलने का काम किया जा रहे है। इसके चलते यहां पर पहले खंभे लगाए जा रहे हैं। व्यक्ति इन्हीं खंभे



पर चढ़ा है। इस घटना के दौरान पहले तो व्यक्ति 25 फीट ऊंचाई पर पहुंचा और फिर जोर से आवाज लगाने लगा कि वह आत्महत्या कर रहा है। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई। इसके बाद लोगों ने उसे नीचे उतरने के लिए कहा तो व्यक्ति कहने लगा कि गांव क्योड़क में उसकी करीब 75 गज जमीन है जो उसके परिवार के अन्य लोगों ने दबा रखी है। जब वे जमीन वापस देंगे। तभी वह नीचे उतरेगा, नहीं तो आत्महत्या कर लेगा। इसके बाद मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर डायल 112 व सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची।

### आत्महत्या के लिए चढ़ा था

खंभे पर चढ़ने वाले क्योड़क निवासी 45 वर्षीय महाबीर ने बताया कि गांव में उनके परिवार की करीब 400 गज जमीन है, जिसमें से 75 गज जमीन उसकी है। परिवार के अन्य लोग उसे वह नहीं जमीन नहीं दे रहे हैं। जिससे परेशान होकर वह आत्महत्या करने के लिए टावरपर चढ़ा। बता दें कि टावरों पर चढने के कारण ग्रामीण उसे धर्मेंद्र के रूप में भी जानते हैं।

### समझाकर नीचे उतारा

मौके पर पहुंचे डायल 112 से पुलिस अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। व्यक्ति को समझाने के बाद टावर से नीचे उतारा गया।

### लोगों का हजूम जुटा

महिला ने समझाकर उतारा नीचे व्यक्ति के टावर पर चढने की सूचना मिलकर वहां पर लोगों का हजूम जुट गया। इसी बीच एक महिला उसे समझाने के लिए आगे आई। करीब 40 वर्षीय महिला पालो देवी देखते ही देखते टावर पर चढ गई तथा टावर पर चले पाला राम को समझाकर नीचे उतार लाई। पालो देवी का कहना है कि किसी की जिंदगी बचाना अच्छा काम है। महावीर की जान बचाने पर सभी ने महिला का आभार जताया।

## तीन शिक्षकों पर लगाए गंभीर आरोप, छात्र संगठनों ने फूंका पुतला

# वीसी ने शिक्षकों के जांच पूरी होने तक विवि में प्रवेश पर लगाई रोक

## विश्वविद्यालय की छात्राओं ने राज्यपाल और कुलपित को सौंपी शिकायत


**कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने का किया ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों मे है। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने यहां कार्यरत तीन शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते राज्यपाल और वीसी के नाम शिकायत लिखी है। मामला वीसी के संज्ञान में आने पर तुरंत प्रभाव से जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। इसके साथ ही जो व्हाट्सअप पर चैट हुई है, उसे भी सबके साथ सांझा किया गया है। मामले की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय, महिला आयोग, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तक को भी भेजी गई है। हालांकि शिकायत पत्र में किसी छात्र या छात्रा का नाम नहीं लिखा गया है। वहीं तीनों शिक्षकों के विश्वविद्यालय में आने पर रोक लगा दी गई है। एबीवीपी, किसान छात्र



जींद। विश्वविद्यालय में पुतला दहन करते छात्र संगठनों के कार्यकर्ता।



एकता संगठन और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में शिक्षक द्वारा लड़कियों को उत्पीड़न किया जा रहा है। इस मामले में एक लड़की ने खुल कर आगे आकार मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक शिकायत दी है। शिकायत में बहुत सी बातें कही गई हैं।

### यह है शिकायत

शिकायत में लिखा गया है कि इन शिक्षकों ने कक्षा के दौरान और कक्षा के बाहर अशोभनीय व अश्लील टिप्पणियां की। छात्राओं से बार-बार अनुचित व्यक्तिगत प्रश्न पूछे गए। एक छात्रा से आपत्तिजनक बातें कही गई। कई छात्राओं के पहनावे, शरीर और दिखावे पर व्यक्तिगत सैक्सुअल कमेंट किए गए। आंतरिक अंक और उपस्थिति को हथियार बना कर अनुचित दबाव बनाया गया। मना करने पर इनमें से एक शिक्षक ने कार्रवाई की धमकी दी। वहीं दूसरे शिक्षक पर आरोप लगाए गए हैं कि वे छात्राओं के पास रात को 11 बजे वहाट्सअप वीडियो काल करते हैं और न्यूड फोटो भेजते हैं। वहीं इन दोनों में से एक शिक्षक और तीसरे शिक्षक पर एससी, बीसी और ओबीसी समुदाय को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप लगाए गए हैं।

### जांच कमेटी गठित की

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और शिकायत भी मिल गई है। शिकायत पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेते हुए जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। जो शिकायत दी गई है उसमें तीन शिक्षकों पर आरोप लगाए गए हैं। तीनों शिक्षकों के आगामी आदेशों तक विश्वविद्यालय आने पर रोक लगा दी है। मामले की गंभीरता से जांच करवाई जारही है।

### विद्यार्थियों पर जातिय टिप्पणी

जिसमें छात्रा ने साफ.-साफ लिखा है कि उसमें लड़कियों से बहुत ही गलत तरीके से बोला हुआ है। एक शिक्षक ने तो इस कक्षा में विद्यार्थियों पर जातिय टिप्पणी भी की है। इन मामले को लेकर छात्र संगठनों ने तीनों शिक्षकों का पुतला दहन किया है। इस मामले में जल्द से जल्द यूनिवर्सिटी प्रशासन को चेतावनी दी कि मामले को लेकर अगर कार्रवाई नहीं की गई तो संपूर्ण छात्र शक्ति के द्वारा जींद विश्वविद्यालय में आंदोलन किया जाएगा। जिसका जिम्मेदार सिर्फ विश्वविद्यालय प्रशासन होगा। क्योंकि यह मामला विश्वविद्यालय की छात्राओं बहनों से है। अगर विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले को लेकर कोई भी कार्रवाई नहीं करेगा तो आने वाले दिनों में विद्यार्थी अपना रुख और सख्त करने वाले हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध कि मामले को लेकर तुरंत ही जींद पुलिस, महिला आयोग, अनुसूचित जाति आयोग को सूचना दी जाए। इस मौके पर सचिन, राहुल कक्कड़, प्रतीक शर्मा, जयदीप सिंधु, अजय सहित अन्य छात्र संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।



जींद। जांच करते फोरेंसिक टीम के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# जींदः मौत के दस दिन बाद फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से जुटाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट में लगभग दस दिन पहले निजी लेबोरेटरी में सोए संचालक की हुई मौत के सिलसिले में फोरेंसिक टीम ने मंगलवार को घटना स्थल का जायजा लिया। टीम ने वहां से राख के व अन्य जले सामान के सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए लैबोरट्री भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्या था मामला : घोघड़िया निवासी प्रवीण (29) की गत 21 नवंबर रात को हुडा मार्केट में लेबोरेटरी में आग लगने से मौत हो गई थी। शव ग्रांउड फ्लोर पर मिला था। मृतक पार्टनरशीप में लेबोरेटरी चलाता था। देर रात तक काम होने के कारण वह बेसमेंट में सो जाता था। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया था। उस दौरान पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतक के बिसरे को जांच के लिए लेबोरेटरी भेज दिया था। जिसकी रिपोर्ट अभीतक पुलिस को नही मिली है।

### किस्मत ने दी दगा

किस्मत ने दी दगा
जिस समय लेबोरेटरी के शटर को खोला गया तो उस दौरान प्रवीण ग्रांउड फ्लोर पर सीढ़ियों के साथ पड़ा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे साफ था कि प्रवीण ने बेसमेंट में आग लगने के बाद बचने के लिए ग्रांउड फ्लोर पर आया। जिसका शटर बंद था। बिजली उपकरणों के जलने के कारण हुए जहरीले धुएं से प्रवीण का दम घुट गया और वह सीढ़ियों के साथ गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### लेबोरेटरी भेज दिया

दस दिन बाद खोली लेबोरेटरी, फोरेंसिक टीम ने लिए सैंपल प्रवीण की मौत के दस दिन बाद पुलिस तथा फोरेंसिक टीम ने लेबोरेटरी को खोला। टीम ने वहां से जले हुए सामान तथा सोने के स्थान से राख के सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए लेबोरेटरी भेज दिया गया। बिसरा रिपोर्ट आने तथा फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद फिर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सिविल लाइन थाना की जांच अधिकारी रीना ने बताया कि मृतक का बिसरा पहले लेबोरेटरी भेजा जा चुका है।

### एप डाउन लोड करना पड़ा महंगा, 3.56 लाख गायब

**जींद।** गांव सुदकैन कलां के व्यक्ति को व्हाट्सअप पर आए एप को डाउनलोड करना महंगा पड़ गया। जिसके बाद व्यक्ति के खाते से तीन लाख 56 हजार रुपये गायब हो गए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सुदकैन कलां निवासी संदीप ने शिकायत में बताया कि गत 15 नवंबर को उसके व्हाट्सअप पर एप आया हुआ था। जिसे उसने डाउनलोड कर लिया। जिसके बाद उसका फोन हैक हो गया और उसके खाते से तीन लाख 56 हजार रुपये की राशि गायब हो गई। उसके खाते से राशि ट्रांसफर होने का न तो कोई ओटीपी आया और न ही कोई संदेश आया। बावजूद इसके उसके खाते से राशि गायब हो गई। साइबर थाना पुलिस ने संदीप की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



कैथल। फोन मालिकों को गुमशुदा फोन लौटाते डीएसपी गुरविंद्र सिंह।

### साइबर सेल टीम ने 8.50 लाख के 53 फोन मालिकों को सौंपे

**कैथल।** जिला की साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह, एचसी दीपक, एचसी सुरेंद्र सिंह व सिपाही अनिल कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर माह नवंबर में आमजन के गुम करीब 8 लाख 50 हजार रुपये से अधिक कीमत के 53 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन कैथल में उक्त मोबाइल फोनों के मालिकों को बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने अब तक सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त मोबाइल गुम की शिकायतों की मॉनिटरिंग करते हुए लाखों रुपए की कीमत के मोबाइल को ट्रेस करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने सीईआईआर पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए इस पोर्टल की खासियत यह है कि इस पर शिकायत रजिस्टर्ड करने उपरांत मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक हो जाता है और मोबाइल ट्रेस होने उपरांत शिकायतकर्ता को सूचना दे दी जाती है।

### नशीली गोलियां सप्लाई करने वाला आरोपी दबोचा

**कैथल।** 2500 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामदगी मामले में सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी जिला करनाल के महादेव कालोनी कैथल निवासी दिवांशु उर्फ विशु तथा माता गेट कैथल निवासी प्रवीन कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 नवंबर को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा गांव पहाड़पुर से गांव चक्कू लदाना जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर पैदल आए आरोपी चक्कू लदाना निवासी रवि को काबू किया गया था। जिसके कब्जे में पॉलीथिन में 5 डिब्बों से ट्रामाडोल नामक 2500 गोलियां बरामद हुई थी। थाना सीवन में दर्ज मामले की आगामी जांच एएसआई गुरदान सिंह द्वारा अमल में लाई गई।



राजौंद। पाइप लाइन लीकेज होने से मार्ग पर बह रहा। फोटो :हरिभूमि

### पाइपलाइन लीकेज होने से जमा दूषित पानी बना परेशानी

**राजौंद।** राजौंद के मुख्य मार्ग पर खेड़े के पास वार्ड नंबर 6 में सड़क के साथ पिछले कई दिनों पाइपलाइन लीकेज है। बार-बार कहने के बावजूद संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिससे एक तो घरों में गंदा पानी जा रहा है दूसरा सड़क पर सर्दी के इस मौसम में हर समय पानी भरने से कीचड़ फैल रहा है। आलम यह है कि सड़क पर पानी व कीचड़ भरा रहने से लोगों को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ा रहा है। वार्ड नंबर 6 के लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यहां पाइप लाइन लीक है जिससे पानी बह रहा है। संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इससे पाइपों में गंदा पानी भरकर फिर घरों में चला जाता है। वार्ड वासी नरेंद्र, प्रताप, राकेश, रमेश, देवेंद्र राणा ने कहा कि एक तो सड़क पहले ही पूरी तरह टूटी हुई है, दूसरा जो पानी की सप्लाई सुबह आती है वह पानी पाइप लाइन लीक होने के कारण सड़क पर पानी जमा हो जाता है। इससे सड़क से गुजरना मुश्किल हो रहा है। टूटी सड़क की हालत देखकर कई बार दिन में जाम लगते हैं। लोगों ने कहा कि प्रशासन व संबंधित विभाग को सड़क की भी सुध लेनी चाहिए और पानी वाली पाईपलाइन को ठीक किया जाएं।

### सिरसा ब्रांच नहर में डूबने से बाबा की मौत

**नरवाना।** दनौदा में सोमवार सायं एक बाबा की सिरसा ब्रांच नहर में पांव फिसल कर डूब जाने से मौत हो गई। बाबा मामचंद जिसकी उम्र 40 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दनौदा गांव की आशा पती में बाबा रूप गिरी डेरा में बाबा मामचंद रहता था। पिछले एक वर्ष से यह बाबा यहां रह रहे थे। बाबा बाल्टी में गुड़ और चना लेकर बंदरों को डालने के लिए सिरसा ब्रांच नहर पर जाते थे। सोमवार सायं प्रतिदिन की भांति बाबा चना गुड़ लेकर नहर पर गए थ। राहगीरों के अनुसार नहर के किनारे पर बाबा की चप्पल और बाल्टी मिली। किसी अनहोनी की आशंका के चलते गोताखोरों ने नहर में तलाशी जारी की और देर रात बाबा का शव हैड पुल दनौदा खुर्द के पास पाया गया। जांच अधिकारी सुभाष चंद्र ने शव को सरकारी अस्पताल नरवाना में पहुंचाया तथा शव का पोस्टमार्टम करवाया।

## सीएमओ ने किया नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण

# मिली खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का सीएमओ डा. सुमन कोहली ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ को अनेकों खामियां देखने को मिली। जिस पर खामियों को तुरंत प्रभाव से दूर करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ के साथ पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। सीएमओ ने



जींद। लैब के बाहर व्यवस्था की जानकारी हासिल करते हुए सीएमओ।

स्पष्ट किया कि अस्पताल में आने वालों के साथ स्वास्थ्यकर्मियों का व्यवहार सही होना चाहिए और उपचार को लेकर उन्हें किसी तरह की परेशानी नही आने दी जानी चाहिए। सीएमओ डा. सुमन कोहली स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी वार्ड में पहुंची। यहां एमरजेंसी कर्मचारी ड्रेस में नही मिले। जिस पर तुरंत प्रभाव से उन्हें ड्रेस पहनने के लिए कहा गया। इसके अलावा एमरजेंसी में रखे गए कंप्यूटर सेट बंद थे। जिन्हें ऑन करने के लिए कहा गया। सीएमओ ने एमरजेंसी के बाहर रखे स्ट्रेचर पर चादर न होने पर तुरंत प्रभाव से चादर रखने की बात कही। एमरजेंसी वार्ड में दवाइयों के स्टॉक की जानकारी ली। यहां सीएमओ ने पुरानी बिल्डिंग में करवाए जा रहे रेनोवेशन कार्य का जायजा लिया और रेनोवेशन कार्य में हो रही देरी पर संबंधित विभाग को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

### मरीजों को हरसंभव सुविधा मिले

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां मिली हैं, जिन्हें तुरंत प्रभाव से दूर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपचार की हरसंभव सुविधा मिले, इसके लिए काम किया जा रहा है।

# इफको एजेंसी फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा दे 9.53 लाख ठगे

**न एजेंसी दिलाई और न ही ली राशि वापस दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव फरल में एक व्यक्ति को खाद की इफको एजेंसी फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा दे 9.53 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने पहले व्यक्ति को फोन किया। इसके बाद उसे एजेंसी दिलाने का झांसा दिया और फिर रुपए ले लिए। इसके बाद शिकायतकर्ता को न एजेंसी दिलाई और न ही ली गई राशि वापस दी। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव फरल निवासी मनफूल सिंह ने बताया कि 25 सितंबर को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह इफको की एजेंसी लोगों को दिलवाता है और उसे भी एजेंसी दिलाने की बात कही। साथ ही कहा कि इस एजेंसी के जरिए वह मोटा मुनाफा कमा पाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। उसने 25 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक आरोपी को अलग-अलग समय में 9.53 लाख रुपए खाते में जमा करवा दिए।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम' 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट' से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style

# एला
## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट


एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट है, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी
## तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी :*** टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी :*** फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा :*** *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर :*** *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन :*** *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुस हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप

### कैथलः तीन दिवसीय जोनल स्तरीय प्रतियोगिता आज से

**कैथल।** बाल कल्याण परिषद द्वारा जोनल स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 से 5 दिसंबर तक मॉडल टाउन स्थित राधा कृष्ण वमावि में आयोजित होगी। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ तीन दिसंबर को 9:30 बजे डीसी अपराजिता द्वारा किया जाएगा। राज्य बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने जानकारी दी।

### परिश्रम की विजय ही सच्चा गौरवः ऋषिपाल

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल, कैथल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि हमारे समस्त महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारे प्रतिभाशाली विद्यार्थी पंकज ने गुड़गांव में आयोजित छठी एलीट हरियाणा राज्य मुक्केबाज़ी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता तथा इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ प्रोत्साहनकारी बॉक्सर का सम्मान प्राप्त किया है।

### महिला का अश्लील वीडियो अमेरिका से वायरल, केस

**जींद।** महिला की कपड़े बदलते समय अश्लील वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 नवंबर को वह कपड़े बदल रही थी। उसी दौरान परिवार के कुछ लोगों ने महिलाओ के साथ उसकी अशील वीडियो बना ली।

### लाडले श्याम सेवा समिति के प्रधान बने विशाल मित्तल

**जींद।** लाडले श्याम के सेवा समिति जींद की बैठक संपन हुई। जिसमें उपस्थित सभी मेंबर्स की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति द्वारा विशाल मित्तल को प्रधान, हरिमोहन गर्ग को उपप्रधान, दीपक बंसल को कोषाध्यक्ष, नवीन गर्ग को सह कोषाध्यक्ष, दीपक शर्मा को सचिव, विशाल गर्ग को सह सचिव, विपिन गर्ग व अरविंद जिंदल को सलाहकार, सुरेश गर्ग व त्रिलोक को मीडिया प्रभारी व नरेंद्र को सेवक का दायित्व दिया।

### कॉलेज से निकली युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव बागड़ कलां से कालेज के निकली युवर्ती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बागड़ू कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से सफीदों कालेज के निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने करने पर कोई सुराग नही लगा।

### आशा वर्कर्स एवं आशा फैसिलिटेटरों की बैठक

**जींद।** करनाल में 8 दिसम्बर को केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर के आवास पर होने वाले महापड़ाव की तैयारियों को लेकर आज कालवा और रजाना पीएचसी में आशा वर्करों एवं आशा फैसिलिटेटरों की बैठकें हुई। इनमें बड़ी संख्या में आशा वर्करों व आशा फैसिलिटेटरो ने हिस्सेदारी की।

### छात्रवृति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग हरियाणा पंचकूला द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### योजनाओं की जानकारी के लिए पोर्टलों से जुड़ें युवा

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे बनाए डिजिटल पोर्टलों से जुड़ कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। कहा कि योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

### विश्व दिव्यांग दिवस आजः प्रति सप्ताह 50 से 55 मरीजों की जांच

# दिव्यांगों को जांच के दौरान नहीं होगी कोई परेशानीः सीएमओ

### पहले पोलीक्लीनिक में लगाता था दिव्यांग जांच शिविर

**दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए हर जानकारी को डिस्प्ले किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसंबर को मनाया जाता है। वर्ष 2014 में सरकार ने विकलांग शब्द के स्थान पर दिव्यांग शब्द का प्रयोग करना शुरू किया था। जिससे दिव्यांगजनों की गरिमा बढ़ी। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो दिव्यांगजनों के लिए हर बुधवार व वीरवार को जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। बाकायदा दिव्यांगता को जांचने के लिए पैनल बनाया जाता है। चिकित्सकों की स्पेशल डयूटी लगती है। दिव्यांगों को जांच के लिए किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ख्याल रखा जाता है।

ओस्तन प्रतिस्ताह 50 से 55 मरीजों की जांच होती है। इनमें से कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद दिव्यांग प्रमाण पत्र जनरेट किए जाते हैं। जो कोई भी सीएससी से निकलवा सकता है। दिव्यांगता जांचने के लिए पहले जांच शिविर पोलीक्लीनिक में लगाया जाता था। जहां पहुंचने में दिव्यांगों व उनके परिजनों को परेशानी होती थी। इसे लेकर शिकायतें लगातार स्वास्थ्य अधिकारियों के पास पहुंच रही थी। अब जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु कार्यालय में हर बुधवार व वीरवार को दिव्यांग जांच शिविर आयोजि किए जाते हैं। यहां आने में दिव्यांगों को किसी तरह की परेशानी नही है। क्योंकि यह विंग अस्पताल से बाहर है। ऐसे में यहां दिव्यांगों की जांच आसानी से हो जाती है। यहां व्हीलचेयर, स्ट्रेचर का प्रबंध रहता है। दिव्यांगजनों को सर्टिफिकेट के लिए जरूरी कागजातों को लेकर बार-बार पूछने की जरूरत नही है। इसे लेकर यहां नोटिस चस्पा किया गया है। जिसमें लिखा गया है कि नागरिक अस्पताल में हर बुधवार व वीरवार को दिव्यांग बोर्ड आयोजित किया जाता है। सुबह नौ से 11 बजे तक जांच की जाती है। चिकित्सक द्वारा जांच करने के उपरांत अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र सीएससी सेंटर से निकलवाया जा सकता है।



जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु कार्यालय, जहां दिव्यांग जांच शिविर आयोजित किया जाता है।

**हर बुधवार व वीरवार को शिविर**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल परिसर में हर बुधवार व वीरवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। दिव्यांगों को जांच के दौरान किसी तरह की परेशानी न आए, इसका ख्याल रखा जाता है। बाकायदा जांच के लिए हर सप्ताह चिकित्सकों की डयूटी लगाई जाती है। जांच शिविर के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर का प्रबंध किया जाता है।

**गंभीर बीमारियों से पीड़ित को मिलेगी दिव्यांग पेंशन**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। आवेदक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गत तीन मार्च 2025 को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया है। इसमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, पार्किंसंस रोग, स्किल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

# श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में वर्षा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महिला कालेज में प्राचार्य जयनारायण गहलोत की अध्यक्षता में संस्कृत विभाग के द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष में गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता एवं गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया । छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने गीता के विभिन्न अध्यायों के चयनित श्लोकों का शुद्ध उच्चारण, स्वर सौन्दर्य एवं भावार्थ सहित प्रस्तुतीकरण किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रश्न गीता के अध्यायों, महत्वपूर्ण सिद्धांतों, पात्र चरित्र एवं गीता के ऐतिहासिक दार्शनिक पक्ष पर आधारित थे।



प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य जयनारायण गहलावत।

**भगवद्गीतासार्व भौमिक मार्गदर्शक**

जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गीता ज्ञान के प्रति गहरी रुचि प्रदर्शित की। निर्णायक मंडल के रूप में डा. अमरजीत कौर, डॉ. उर्मिल शर्मा, एवं अनीता देवी ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल ने उच्चारण की शुद्धता, भावाभिव्यक्ति तथा आत्मविश्वास के आधार पर मूल्यांकन किया। श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वर्षा, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नु और तृतीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा रही। महाविद्यालय के प्राचार्य जयनारायण गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नही बल्कि जीवन-प्रबंधन का सार्वभौमिक मार्गदर्शक है। जो युवा पीढ़ी को कर्तव्य, अनुशासन और आत्मविश्वास की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजनों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।


जींद। योग कक्षाओं में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### योगा और जुम्बा क्लासेस आयोजित

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में छात्राओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिदिन योगा और जुम्बा क्लासेस आयोजित की जा रही हैं। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने लक्ष्मीबाई गर्ल्स हॉस्टल में इस सराहनीय पहल पर हॉस्टल प्रशासन को हार्दिक बधाई दी और कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आशा व्यक्त की कि इस तरह की पहलें आगे भी जारी रहेंगी और विश्वविद्यालय परिसर में स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि छात्रावास प्रशासन द्वारा किया गया यह प्रयास छात्राओं के अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। छात्राओं का कहना है कि जुम्बा से न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि पढ़ाई के तनाव को कम करने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भी मदद मिलती है।

### 43वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 11 सेः सहारण



**कैथल।** हरियाणा नेटबॉल एसो की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि 43वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 14 जनवरी ,2026 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता तेलंगाना के हैदराबाद स्थित जीएमसी बालयोगी इनडोर स्टेडियम गाचीबोवली में खेली जाएगी। जिला अध्यक्ष अशोक सहारण ने बताया की इसके लिए 19वी हरियाणा सीनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) का आयोजन हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई सोनीपत में 26 से 28 दिसंबर , 2025 को किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में हरियाणा के सभी जिलों के पुरुष और महिला की दोनों टीमें इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी इसके लिए हरियाणा के सभी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर ट्रायल्स/ कैम्प 3 दिसंबर को शाम 4:00 बजे अलग अलग स्थान पर आयोजित किए जाएंगे।

### कर्मयोग में लगे रहने के लिए प्रेरित किया

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में सोमवार को मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी को गीता जयंती के पावन अवसर पर विद्यालय के संस्कृताचार्य बिजेंद्र शास्त्री ने वंदना सत्र में गीता के माहात्म्य पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आधुनिक समय में दुखी आमजनमानस को गीतोपदेश की महती आवश्यकता है। उन्होंने गीता रहस्योद्घाटन करते हुए स्पष्ट किया कि हमारा पञ्चतत्वों से निर्मित शरीर त्रिगुणमयी प्रकृति में अज्ञानवश दुख भोग रहा है। क्योंकि गीता ज्ञान प्राप्त करके ही हम मोक्ष का मार्ग प्राप्त कर सकते हैं। वहीं प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने विद्यालय परिवार को गीता जयंती की विशेष शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को अर्जुन के समान अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर कर्मयोग में लगे रहने के लिए प्रेरित किया। शास्त्री ने बताया कि विद्या भारती के विद्यालयों में अष्टादशश्लोकीगीता का पठन पाठन आचार्य व छात्र भैया, बहनों की दिनचर्या में पहले से निर्धारित होता है। नवंबर माह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की विस्तृत जानकारी सांझा की।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि


रत्ता खेड़ा में विकलांग की सहायता के लिए समाजसेवी आर्थिक मदद प्रदान करते हुए।

### जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा दानः किरणपाल

**गुहला- चीका।** गुहला उपमंडल के गांव रत्ता खेड़ा (घड़ाम) में रहने वाले विकलांग दंपति की मदद के लिए समाधा गांव के एनआरआई किरणपाल सिंह आगे आए हैं। समाजसेवी गुरदेव जोसन ने बताया कि दंपति आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है और उनका कोई आय स्रोत नहीं है। पत्नी के ऑपरेशन की आवश्यकता होने पर उन्होंने इस बारे में एनआरआई किरणपाल से संपर्क किया। समाजसेवी गुरदेव जोसन ने जानकारी दी कि बात सुनते ही किरणपाल सिंह ने तुरंत आर्थिक सहायता भेज दी। किरणपाल ने बताया कि वे अपनी कमाई का एक हिस्सा समाज सेवा के लिए अलग रखते हैं और गरीबों की मदद करने में उन्हें सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई दान नहीं है और वे समय-समय पर ऐसे कार्य करते रहते हैं।

### बाक्सिंग प्रतियोगिता में शीतल ने जीता गोल्ड



**कैथल।** राजस्थान के भरतपुर में 24 नवंबर 2025 से 6 दिसंबर 2025 तक चलने वाली खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी नेशनल चैंपियनशिप बॉक्सिंग में गांव पट्टी अफगान कैथल की बेटी शीतल जागलान ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र की बॉक्सर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश करके अपना मेडल पक्का कर लिया है। शीतल आर के एस डी स्टेडियम कैथल में बॉक्सिंग कोच राजेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, विक्रम दूल के पास अभ्यास करती है जहां बहुत से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त करके खिलाड़ी अपना कैरियर बना चुके हैं। शीतल जागलान मशहूर हरियाणवी गायक फौजी कर्मबीर और सोनिया वाइस चेयरमैन जिला परिषद कैथल की बेटी हैं। शीतल पहले भी राष्ट्रीय लेवल पर कई मेडल जीत चुकी है और नेशनल चैंपियन रह चुकी है।


पूंडरी। खिलाड़ी बलकार सिंह के साथ स्टार प्रचारक भजन सिंह मनक माजरा।

### संगठन को ऊर्जावान नेतृत्व की जरूरत

**पूंडरी।** अखिल भारतीय रोड महासभा का चुनाव इस बार बेहद रोचक मोड़ पर पहुंच गया है। चुनावी माहौल के बीच स्टार प्रचारक भजन सिंह मनक माजरा ने अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी बलकार सिंह पूंडरी के समर्थन की घोषणा कर दी है, जिससे पूरे हल्के में चर्चा और तेजी से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमेशा अनुशासन, मेहनत और पारदर्शिता की मिसाल होते हैं और संगठन को ऐसे ही ऊर्जावान नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि बलकार सिंह पूंडरी के आगे आने से महासभा में नई सोच, मजबूती और युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि समाज को ऐसे कार्यकर्ता चाहिए जो बिना भेदभाव के सभी वर्गों को साथ लेकर चलें, और बलकार सिंह पूंडरी इस भूमिका में पूरी तरह खरे उतरते हैं। बलकार सिंह पूंडरी ने कहा कि उन्हें इतने बड़े स्तर पर मिल रहे समर्थन से जो जिम्मेदारी मिलती है, उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य समाज के भीतर भाईचारे को मजबूत करना और संगठन को नई दिशा देना है।


सीवन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता डोर टू डोर करते ।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चलाया घर-घर चलो अभियान

**सीवन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सीवन नगर में संघ के कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों को संघ की विचारधारा, राष्ट्रभाव तथा समाज निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में अवगत कराया। वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश मुंजाल और धर्मेंद्र बावेजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष केवल स्मरण-उत्सव नहीं, बल्कि बीते 100 वर्षों में संघ द्वारा किए गए राष्ट्र निर्माण कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि संघ ने अपने स्थापना काल से निरंतर सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, राष्ट्रभक्ति के प्रसार, सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, सेवा-भाव और कर्तव्यनिष्ठा की परंपरा को मजबूत किया है। दोनों कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि — देश के लिए जीना और समाज के लिए काम करना ही संघ का मूल मंत्र है। इसी संकल्प को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ता प्रत्येक घर तक पहुंचकर नागरिकों के साथ संवाद कर रहे हैं।

# रैली निकाल अधिकारों की जानकारी दी

- छात्राओं ने समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भेदभाव रहित समाज निर्माण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब और लीगल लिटरेसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स के प्रति विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मानवाधिकारों, एचआईवी एड्स रोकथाम और कानूनी जागरूकता के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य जयनारायण गहलावत के मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकारों का सम्मान और सुरक्षा सिर्फ एक सिद्धांत नही बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने एड्स के प्रति जागरूकता और भेदभावमुक्त व्यवहार को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इसके बाद छात्राओं को मानवाधिकार दिवस की शपथ दिलवाई गई। शपथ का संचालन लीगल लिटरेसी सेल इंचार्ज डा. प्रतिभा व रेड रिबन क्लब इंचार्ज उर्मिला शर्मा ने किया। छात्राओं ने समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भेदभाव रहित समाज के निर्माण का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत एड्स काउंसलर राजेन्द्र ने छात्राओं को एचआईवी, एड्स के कारणों, लक्षणों, बचाव उपायों और रेड रिबन अभियान की महत्ता के बारे में विस्तार से समझाया।



जींद। जागरूकता रैली निकालते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि


जींद। जिला कारागार में गीता के श्लोकों का उच्चारण करते हुए।

### श्रीमद् भागवत गीता की महिमा का गुणगान

**जींद।** गीता जयंती के उपलक्ष में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्णा कृपा सेवा समिति जिओ गीता परिवार के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यक्रम स्वामी ज्ञानानंद महाराज का वैश्विक आह्वान एक साथ-एक मिनट गीता पाठ कार्यक्रम था। जिसके तहत जींद के बहुत से स्कूलों में संपर्क कर विद्यालय में विद्यार्थियों ने एक साथ तीनों श्लोक का उच्चारण किया। यह श्लोक गीता जी के आरंभ मध्य तथा अंतिम श्लोक थे। बहुत सी सामाजिक संस्थाओं ने अपने पदाधिकारी के साथ इन श्लोकों का उच्चारण किया। जिला जींद कारागार में भी 11 बजे बजे लगभग सभी कैदियों ने समिति सदस्यों की उपस्थिति में इन श्लोकों को उच्चारण किया गया। समिति महासचिव अरविंद खुराना ने बताया कि संस्था द्वारा सुबह-सुबह शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। जो प्रातःकाल श्री महावीर मंदिर से शुरू हुई तथा श्रीकृष्णा कृपा आश्रम संत नगर में इसका समापन हुआ। इसमें श्रीमद् भागवत गीता की महिमा का गुणगान किया गया।

### महाराजा सूरजमल स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान बोले-अशोक गुर्जर

# सांसद अनुशासित जीवन जीने के लिए कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महाराजा सूरजमल स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को पूंडरी विधानसभा के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खूब दमखम दिखाया। इस आयोजन में युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौंसला बढ़ाया।


भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते।

अशोक गुर्जर ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को अनुशासित जीवन और खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। खेल हमारे जीवन का मुख्य अंग है। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। यह प्रतियोगिताएं न केवल आपके टैलेंट को सामने ला रही हैं, बल्कि आपको एक अनुशासित जीवन जीने के लिए भी प्रेरित करती हैं। आप सभी खिलाड़ी जीत-हार की परवाह किए बिना अपनी पूरी क्षमता से खेलें। कैथल सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल सराहनीय है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को एक मंच पर लाने का यह शानदार प्रयास है। उन्होंने खिलाडियों से आह्वान किया कि वे खेल को खेल की भावना से खेलें और जिले का नाम रोशन करें। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दूसरे चरण में पूंडरी विधानसभा के खिलाडियों ने कुश्ती, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, रस्साकशी, स्किपिंग, स्किपिंग एवं रोप जंपिंग और खो-खो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व विधायक तेजवीर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल तंवर, सांसद कार्यालय कुरुक्षेत्र प्रभारी धर्मबीर, कैथल प्रभारी रविंद्र धीमान, सीनियर बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह, जिला महामंत्री सुरेश संधू, मनीष शर्मा, देवेंद्र पांचाल, ईशम सिंह शाखरा, बलविंदर जांगड़ा] बजिंदर मेहला, ज्ञानचंद, निधि मोहन, बलवंत गोलन, शशी मेहला, कृष्ण सैनी, ताराचंद गोस्वामी, जगा सैनी, सतपाल, अमित टाया और अमित सैनी आदि मौजूद रहे।


राजौद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### प्रश्नोत्तरी में चंद्रशेखर आजाद सदन प्रथम

**राजौद।** राजकीय वमावि कोटडा में सदन अनुसार लक्ष्मीबाई सदन की तरफ से सामान्य ज्ञान गणित एवं अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें विद्यालय के चारों सदन सुभाष चंद्र बोस चंद्रशेखर आजाद शहीद भगत सिंह एवं रानी लक्ष्मी बाई सदन ने भाग लिया। लक्ष्मीबाई सदन की तरफ से इस प्रश्नोत्तरी का संचालन पीजीटी गणित अध्यापक पवन संस्कृत अध्यापक रामफल और कॉमर्स शिक्षिका मैडम रजनी ने किया एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने सहयोग किया। प्रश्नोत्तरी में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में पूछे जाने वाले अंग्रेजी के शब्द एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को शामिल किया गया। चारों सदनों में बहुत ही रोचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रथम राउंड सामान्य ज्ञान के प्रश्नों का रखा इसमें प्रत्येक सदन से तीन-तीन प्रश्न पूछे गए। उसके बाद एक राउंड बजर राउंड पूछा गया अगला राउंड अंग्रेजी के प्रश्नों का रहा जिसमें कुल 16 प्रश्न पूछे गए, उसके बाद गणित का राउंड रहा जिसमें कुल 12 प्रश्न पूछे गए अंतिम राउंड चंद्रशेखर आजाद सुभाष चंद्र बोस भगत सिंह और रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर रहा।

## खबर संक्षेप


कैथल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलते विधायक सतपाल जांबा।

### विधायक ने मुख्यमंत्री सैनी से की मुलाकात

**कैथल।** विधायक सतपाल जांबा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विशेष मुलाकात की और आगामी 24 दिसंबर को गांव चुहड़माजरा में आयोजित होने वाले जगदगुरू स्वामी ब्रह्मानंद जी के जयंती उत्सव कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा हुई। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि जगद्गुरू ब्रह्मानंद जी महाराज भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के महान संत, योगी और भक्ति धारा के प्रकाश स्तंभ माने जाते हैं।

### सीजेएम ने किया बाल आश्रम का औचक निरीक्षण

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने मंगलवार को कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। कलाम बाल आश्रम में कुल 22 बच्चे उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

### नवंबर माह में पुलिस रही अपराधियों पर भारी



कैथल। नवंबर माह में पुलिस अपराधियों पर भारी पडती नजर आई। पुलिस ने शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 89 मामलों में 115 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नवंबर माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 30 मामलों में 47 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 17 लाख 99 हजार रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है।

### आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन 9 दिसंबर को

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 9 दिसम्बर को सुबह 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस चला रही ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन

**जींद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के मार्गदर्शन में चलाए गए आपरेशन ट्रैकडाउन की सफलता के बाद अब एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक आपरेशन हाट स्पाट डोमिनेशन चलाया जा रहा है। इस आपरेशन हाट स्पाट डोमिनेशन में जुआ, सट्टा, नशा और अवैध गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार करने के लिए जिला जींद में भी एक और व्यापक विशेष अभियान आपरेशन हॉट स्पाट डोमिनेशन की शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य अपराधों पर लगाम लगाना है।

## प्रदेशाध्यक्ष पर दर्ज एफआईआर तुरंत प्रभाव से रद्द किए जाने की मांग

# एफआईआर की प्रति जलाकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


**जींद।** प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते अनूप लाठर। *फोटो : हरिभूमि*

- जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर दर्ज की गई एफआईआर के रोष स्वरूप मंगलवार दोपहर बाद कर्मियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने एफआईआर की प्रतियां जला कर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर और महिला विंग प्रभारी राजबाला कौशिक ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष धारीवाल लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों के साथ जनजागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। इसी क्रम में धारीवाल की अध्यक्षता में जंतर-मंतर पर ओपीएस बहाली हेतु आयोजित एक शांतिपूर्ण धरना पूरी अनुशासन और मर्यादा के साथ संपन्न हुआ। इसके बावजूद केवल अधिक संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी का हवाला देकर प्रदेश अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। जिसे कर्मचारी समाज ने पूरी तरह अन्यायपूर्ण करार दिया है।

मंगलवार को एफआईआर के विरोध में जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान और महिला विंग जिला प्रधान अनुराधा गुप्ता की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने सरकार की इस कार्रवाई को दमनकारी बताते हुए नारे लगाए।

### ओपीसी बहाली की मांग में कांग्रेस कर्मचारियों के साथ खड़ी : रिषीपाल हैबतपुर

जींद। पुरानी पेंशन यानि ओपीसी की बहाली की मांग और संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर दर्ज की गई एफआईआर के मामले में मंगलवार को जींद की सडक़ों पर जमकर गर्जना हुई। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले सैंकड़ों कर्मचारियों ने गोहाना रोड पर लघु सचिवालय के बाहर धरना देते हुए सरकार की दमन नीति के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया। इस दौरान कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करने के लिए पहुंचे कांग्रेस के जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपुर और सोनीपत-जींद सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के प्रतिनिधि मास्टर वजीर गांगोली ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांग को पूरा करने की बजाये सरकार दमन नीति अपना रही है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल पर दर्ज की गई एफआईआर इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि सरकार कैसे लोकतंत्र का गला घोट रही है।


जींद। रोष जताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से अन्यायपूर्ण कार्यप्रणाली पर उतर आई है। भाजपा सरकार को जनता की भावनाओं से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए इस सरकार में हर वर्ग दुखी और डरा हुआ है। किंतु अब जुल्म की इन्तिहा हो चुकी है। अनदेखी से आहत अब हर वर्ग सडक़ों पर उतरने लगा है। जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की शुरू से ही पक्षधर रही है। यदि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार होती तो कर्मचारियों को अपनी जायज मांग के लिए प्रताडऩा नही झेलनी पड़ती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता कर्मचारियों के साथ खड़ा है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हरियाणा के कर्मचारियों ने भाजपा की कुनीतियों का विरोध किया था। जिसके नतीजन वह अब कर्मचारी नेताओं पर मामले दर्ज कर रही है। भाजपा सरकार वोट चोर ही नहीं कर्मचारियों के हित की भी चोर है। सांसद प्रतिनिधि मास्टर वजीर गांगोली ने कहा कि सांसद सतपाल ब्रह्मचारी कर्मचारियों की मांगो को लेकर सडक़ से संसद तक गर्जना भरेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बेहद ही छोटी सोच के तहत कार्य कर रही है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पवन दूहन, विजय मोर लुदाना, ईशाक भट्टी, जेपी रूहिल ने भी सरकार को खरी खोटी सुनाई।

## जांबाज सिपाही रोहतास के स्मारक का सौंगल में अनावरण : जगजीत


**राजौंद।** गांव सोंगल में शहीद सिपाही रोहतास सिंह की प्रतिमा के अनावरण करते पूर्व सैनिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल की मौजूदगी में रिसालदार रविन्द्र कुमार 9 हॉर्स आर्म्ड कोर,वीरमाता सुनिता देवी,रिसालदार इन्द्र सिंह, एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने सामूहिक तौर पर 9 हॉर्स आर्म्ड कोर के जांबाज सिपाही रोहतास के स्मारक का अनावरण किया। इस दौरान रेजीमेंट से रिसालदार रविन्द्र कुमार, दफेदार परमजीत,एल डी सुखविंदर,ए एल डी संजय के साथ स्मारक पर पुष्प चक्कर अर्पित करके श्रद्धांजलि दी 9 हॉर्स के पूर्व सैनिक दर्जनों की संख्या में पहुंचे और साथ ही पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के भी दर्जनों साथी यहां सिपाही रोहतास के परिवार और रिश्तेदारों के साथ में अनावरण में शामिल हुए और फुल मालाओं व फुलों के साथ श्रद्धांजलि दी। जिला प्रधान जगजीत फौजी ने 9 हॉर्स के कमान अधिकारी योगेश हरीकर,रिसालदार मेजर मनजीत सिंह व हैड क्लर्क ए के झां का धन्यवाद किया। इस दौरान सभी पूर्व सैनिकों को प्रधान द्वारा 4 दिसंबर बीरवार प्रातः 9:30 बजे भारतीय नौसेना दिवस पर हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर भी आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि यहां पर मुख्य अतिथि सुरेश राविश अतिरिक्त उपायुक्त कैथल, विशिष्ट मुख्य अतिथि शहीद सिपाही भीषम सिंह नौ सेना की वीरमाता रामरती देवी खरक पांडवा एवं सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम होगा,नीलम हॉस्पिटल राजपुरा की तरफ से पूर्व सैनिक परिवारों के लिए निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएग।

#### ये रहे मौजूद

यहां पर परिवार रिश्तेदार एवं गांव वासियो के साथ में 9 हॉर्स से पूर्व सैनिक रिसालदार नरेंद्र मान, रिसालदार बलवान सिंह,रिशालदार खजान सिंह,रिसालदार इंद्र सिंह, रिसालदार कर्मवीर, दफेदार चंद्रभान कुंडु, दफेदार तेलुराम, दफेदार लीलू राम ,दफेदार राजेंद्र सिंह, दफेदार सुरजीत सिंह, दफेदार धर्मवीर सिंह, दफेदार सुभाष घनघस, दफेदार महावीर सिंह, दफेदार कपूर सिंह, रेजीमेंट की ओर से उपस्थित रहे। एसोसिएशन की ओर से प्रधान जगजीत फौजी, लेफ्टिनेंट मेघ सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## खेल महोत्सव से युवाओं को नशे से दूर रहने की मिल रही प्रेरणा

- सांसद नवीन जिंदल के प्रयास से क्षेत्र में खेलों को नई दिशा, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भाजपा महिला मोर्चा नेत्री निधि मोहन ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा शुरू किया गया खेल महोत्सव क्षेत्र के युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली की ओर प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद सराहनीय पहल है, जिससे ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों की प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिल रहा है। सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण की शुरुआत 1 दिसंबर से हो चुकी है। इस चरण में विधानसभा स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, कुश्ती, जूडो, मुक्केबाज़ी, रस्साकशी आदि प्रमुख खेल शामिल हैं। प्रतियोगिताएँ अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जा रही हैं। आरकेएसडी कॉलेजः निशानेबाज़ी और मुक्केबाज़ी, जाट कॉलेजः खो-खो, रस्साकशी, रस्सी कूद, महाराजा सूरजमल स्टेडियमः एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, जूडो, वॉलीबॉल करवाई जाएगी। महोत्सव के पहले ही दिन कबड्डी प्रतियोगिता में ज्योंग्स कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


**पुंडरी।** विजेता टीम के साथ निधि मोहन। *फोटो : हरिभूमि*

#### माफी मांगनी चाहिए

निधि मोहन ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाना, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना है। विधानसभा स्तर पर हो रही प्रतियोगिताएँ स्थानीय खिलाड़ियों को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए आयोजन समिति द्वारा कुल ₹2 करोड़ की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जो युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए बड़ा प्रोत्साहन देगी।निधि मोहन ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की यह पहल न केवल खेल संस्कृति को मजबूत कर रही है।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रसूलपुर और गामड़ी की टीमें संयुक्त रूप से विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

खेड़ी गुलाम वाली गांव में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता ने रविवार को खेल प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंचा दिया। कई दिनों से चल रही इस प्रतिस्पर्धा में क्षेत्र की अनेक मजबूत टीमों ने हिस्सा लिया, लेकिन अंत तक जिस खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन हुआ, उसने प्रतियोगिता को खास बना दिया। रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला के बीच रसूलपुर और गामड़ी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर से ही अंदाजा लग रहा था कि इस बार मुकाबले बेहद कड़े रहेंगे। गामड़ी की टीम ने अपने उत्कृष्ट समन्वय और दमदार स्मैश की बदौलत मजबूत विरोधियों को पछाड़कर फाइनल तक का सफर तय किया। गामड़ी ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में कवारतन तथा खेड़ी जैसी सशक्त टीमों को हराकर यह साबित किया कि वह खिताब की प्रबल दावेदार है। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने न सिर्फ तकनीकी कौशल दिखाया बल्कि टीमवर्क का बेहतरीन उदाहरण भी पेश किया।

दूसरी ओर रसूलपुर की टीम भी अपनी फिटनेस, रणनीति और निरंतर आक्रामक खेल के दम पर प्रतियोगिता में आगे बढ़ती गई।


**कैथल।** प्रथम स्थान आने पर रसूलपुर और गामड़ी की टीम को सम्मानित करते पदाधिकारी *फोटो : हरिभूमि*

## पूर्व राज्यमंत्री ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहा

- किठाना पब्लिक स्कूल किठाना में वार्षिक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

किठाना पब्लिक स्कूल किठाना में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला सृजनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश ढांडा पूर्व राज्य मंत्री मौजूद रही। उन्होंने विद्यालय प्रशासन,शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित के रूप में प्रेम सिंह मुख्य संरक्षक किठाना पब्लिक स्कूल रहे। इस दौरान गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सुरेश मित्तल एमडी वेदा इंटरनेशनल स्कूल नरवाना तथा पूर्व प्रिंसिपल एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नरवाना ने मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामफल ढांडा चेयरमैन ने की जबकि मैनेजिंग डायरेक्टर विकास ढांडा, प्रिंसिपल डॉ. सुमन ढांडा, तथा कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. निर्मल सिंगरोह ने की।

## भाजपा जनता को बांट कर आगे बढ़ रही: अभय चौटाला

- उनकी छवि खराब करने का किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा हमें बांट कर आगे बढ़ रही है। चंडीगढ़ में नई विधानसभा की चर्चाओं पर कहा कि यह सब फालतू की बात हैं। यह केवल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए किया गया है। इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला मंगलवार को जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और अर्बन स्टेट में संजीव गिल के आकस्मिक निधन, पूर्व विधायक रामफल कुंडू के भाई के पोते के आकस्मिक निधन पर गांव खरक गागर में शोक प्रकट किया।

तत्पश्चात सफीदों के पूर्व में रहे हलका अध्यक्ष राजमोहन राणा की माता के निधन पर गांव मुआना में शोक प्रकट किया। उनके साथ इनेलो जिलाध्यक्ष बिजेंद्र रेढ़ू, प्रदीप गिल, जयकुमार पवार, सुमित्रा देवी, पप्पू रेढ़ू, जोगिंद्र कालवा आदि अनेक कार्यकर्ता साथ रहे। उन्होंने पूर्व आईपीएस आरएस यादव के बयान को लेकर कहा कि जिन-जिन लोगों ने उनके खिलाफ षडयंत्र रचा है, उनको लीगल नोटिस दिया जाएगा और सबको खड़े होकर माफी मांगनी होगी। उनकी छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभय चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

## हिंदू कन्या कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हिंदू कन्या कालेज में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और अंग्रेजी विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली के प्रति जागरूकता फैलाना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हेतु उठाया गया प्रत्येक छोटा कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकता है। उन्होंने सभी को हरित और स्वच्छ समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इसके अंतर्गत ग्रीन प्लेज शपथ कार्य ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेती स्टाफ सदस्य और छात्राएं। **फोटो : हरिभूमि**

### आईएएस अपराजिता ने संभाला उपायुक्त कैथल का पदभार



**कैथल।** जिले की नवनियुक्त डीसी आईएएस अपराजिता ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। वे 2018 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इनका स्थानांतरण स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक पद से बतौर उपायुक्त कैथल में हुआ है। वे कई जिलों में विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। केमिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक के बाद आईएएस अपराजिता ने बतौर इंजीनियर भी काम किया है। इसके बाद यूपीएससी की परीक्षा पास कर वे वर्ष 2018 बैच में आईएएस बनीं थीं। बनारस की मूल निवासी आईएएस अपराजिता ने सबसे पहले बल्लभगढ़ एसडीएम के तौर पर सेवाएं दीं थीं। इसके बाद वे फरीदाबाद में एडीसी के तौर पर कार्यरत रहीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**जीर्णोद्धार** | सीएम नायब सिंह सैनी के सामने कुरुक्षेत्र में प्रमुखता से उठा धरोहर के विकास का मुद्दा

# कपिल मुनि तीर्थ स्थल के विकास को जल्द गति मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत स्थित प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ से जुड़ी करोड़ों रुपए के विकास की योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारने की कार्यवाही शुरू होने की उम्मीद नजर आ रही है। यह मुद्दा अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पटल पर पहुंचा है। कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के महत आयोजित 48 कोस तीर्थ सम्मेलन में सीएम बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ समिति ने यह मांग सीएम के समक्ष पुरजोर ढंग से उठाई। सीएम ने मुद्दे पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए विकास कार्यों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में पुजारी संजय गौतम, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, तीर्थ समिति प्रधान राजू कौशिक, पार्षद रेणू धानियां, नंबरदार संजय सिंगला, पूर्व पार्षद रणबीर धानियां, रवींद्र बंटी निर्मल, प्रीत जगदेव, अनिरूद्ध गौतम, ललीत शर्मा व अन्य समिति सदस्य शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बताया कि तीर्थ तट पर भगवान कपिल मुनि ने अपनी माता देवहुति को सांख्य दर्शन का ज्ञान करवाया था। इसलिए धरोहर की विश्व पटल पर बड़ी पहचान है। समय-समय के साथ-साथ विकास की मांग इसके विकास को लेकर उठती रही है। वर्ष 2005 में पहली बार तीर्थ सरोवर में सरस्वती की जलधारा फूटने के बाद इस स्थल के विकास की मांग ने जोर पकड़ रखा है। दीगर है तीर्थ तट पर रामायण, महाभारत व अलग-अलग कालों से जुड़े इतिहास के मंदिरों की श्रृंखला है। बिना चूना-मिट्टी के ईंटों को तराशकर बनाया गया सातवीं-आठवीं शताब्दी का शिव मंदिर अपने आपमें उत्तरी भारत का अजूबा है।


**कलायत।** प्राचीन कपिल मुनि धाम। *फोटो : हरिभूमि*

#### इन विकास कार्यों पर होना है काम

तीर्थ समिति प्रधान राजू कौशिक ने बताया कि भाजपा की मनोहर सरकार में सरोवर परिक्रमा चारदीवारी, फर्श, अस्थि विसर्जन घाट, महिला घाट, बैंच, लाइट, सरोवर की पानी निकासी और विभिन्न सौंदर्यीकरण योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बजट जारी किया गया था। सरकार की योजना इस कपिल तीर्थ को बेहतर ढंग से विकसित करने की रही है। इसके तहत डिजिटल विधि से तीर्थ की भौगोलिक स्थिति की समीक्षा भी की गई। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना था। इस प्रकार की मांगों को पुनः सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष उठाया गया है। सीएम ने कार्य शुरू करने का भरोसा दिलाया है।

#### सरोवर में टीमों के आगमन का सिलसिला जारी

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत और पार्षद रेणू धानियां ने बताया कि कलायत के पौराणिक श्री कपिल मुनि सरोवर में 9 अप्रैल 2024 को सरस्वती नदी के पानी के दर्शन वर्ष 2005 के बाद हुए। तत्काल सीएम नायब सिंह सैनी ने विभिन्न टीमों को कलायत रवाना किया। अनगिनत गोलकार आकृतियां सरोवर में उभरी मिली। इनके अंदर से सुनहरी कणों के साथ पानी की धारा फूट रही थी। जगह-जगह से निकल रही इस धारा के कारण फिर से सरोवर में भूमिगत पानी जमा होने लगा।